# भारतीय रिजर्व बैंक के महाप्रबंधक हेमंत कुमार सोनी ने किया शिविर का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज, सांची। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वारा रखे गए वित्तीय समावेशन जन सुरक्षा अभियान के तहत सांची विकासखंड के गुलगांव पंचायत में भारतीय रिजर्व बैंक के महाप्रबंधक हेमंत कुमार सोनी ने दीप प्रज्वलित किया तथा वित्तीय समावेशन जन



सुरक्षा अभियान के बारे में सभी खाता धारकों को समझाया और उनकी सारी समस्याओं का निराकरण सभी बैंक के अधिकारियों से करवाया। यह शिविर सांची विकासखंड दो पंचायतों में रखा गया ग्राम पंचायत उचेर तथा गुलगांव में इन पंचायत में इस आयोजन में गांव तथा आसपास क्षेत्र के लोगों ने भी भाग लिया अपनी समस्याओं को निराकरण करवाया। इस मौके पर अग्रणी जिला अधिकारी विशाल सिंह यादव भारतीय रिजर्व बैंक जिला प्रबंधक प्रताप सिंह, मुख्य प्रबंधक मप्र क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक मनोज कुमार चुघ, मुख्य प्रबंधक सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया एपी सिंह, जिला समन्वयक जितेंद्र तिवारी सांची ग्रामीण बैंक के प्रबंधक शुभम साकल्ले मौजूद रहे।